# ब्लॉक एम्ब्रायडरी

*घर की सजावट में शानदार एम्ब्रायडरी पैटर्न से लेकर कपड़े तक। यदि आप एक चाहते हैं, तो इसे खुद क्यों न बनाएं?*

















## सामग्री की सूची

मशीन का सबसे बड़ा हूप
एक सफेद कपड़ा जो हूप से एक इंच बड़ा हो
एक 5.5 इंच x 5.5 इंच वैडिंग पीस जो आपके द्वारा लिए गए हूप के आकार के अंदर फिट बैठे
5.5 इंच x 5.5 इंच साटन का कपड़ा जो आपके द्वारा लिए गए हूप के आकार के अंदर फिट बैठे
एक ग्लास नायलॉन या ऑर्गेंजा कपड़ा जो हूप से एक इंच बड़ा हो
2 धागे अलग-अलग रंग के
एम्ब्रायडरी काटने वाली कैंची


एम्ब्रायडरी हूप लें, इसे अनलॉक करें और आंतरिक हूप हटा दें। अब कपड़े को बाहरी हूप रखे , उसके बाद आंतरिक हूप पर। कपड़े को खींचना याद रखें ताकि कोई सिलवट न हो और कढ़ाई अच्छे से हो। हूप को लॉक करें और ट्यूटोरियल में दिखाए अनुसार मैग्नेटिक क्लैंप से इसे फिक्स कर दें।


अब हूप को अपने उषा जनोम मेमोरी क्राफ्ट स्काईलाइन S9 सिलाई मशीन पर  प्रेशर फुट के निचे रखे और सही जगह फिक्स कर दें। टच स्क्रीन को संचालित करने के लिए मशीन के साथ आने वाले स्टाइलस का उपयोग करें और फ़ोल्डर आइकन पर क्लिक करके पैटर्न का चयन करें।

जो पैटर्न हम बना रहे हैं वह पहले से ही ड्राइव से मशीन मे अपलोड किया गया है, लेकिन आप आर्टिस्टिक डिजिटाइज़र सॉफ़्टवेयर का उपयोग करके सुंदर पैटर्न भी बना सकते हैं।


स्क्रीन पर आप हूप का नाम और साइज देख सकते हैं जो RE20a:170x200mm है, डिजाइन का साइज 144x144mm है, 700 टांके प्रति मिनट, हमारे द्वारा उपयोग किए जा रहे रंगों की संख्या और कढ़ाई की अवधि जो इस मामले में सात मिनट है।

रंगों की दोबारा जाँच करें और सुनिश्चित करें कि आप जिस रंग से बनाना चाहते हैं वही चुना गया है।



इसके बाद एक वैडिंग शीट लें और फिर उसके ऊपर साटन का कपड़ा रखें। इन दोनों को एम्ब्रायडरी हूप पर प्रेसर फुट के नीचे रखें। फिर टचस्क्रीन पर जाएं और 'ट्रेसिंग विद टैक स्टिच' विकल्प चुनें, यह तीनों को एक अस्थायी टाँके से एक साथ रखेगा जिसे बाद में आसानी से हटाया जा सकता है। सटाटर दबाएं और मशीन को अपने आप सिलते हुए देखें। बस यह सुनिश्चित करें कि सिलाई करते समय आप कपडे को खींच कर पकड़े।


इसके पूरा होने के बाद, टैक सिटच मेनू को बंद करें और पैटनर सकरीन पर वापस जाएं। अब चरण एक से शुरू करें जो फलोरल डिजाइन बनाना है। सटाटर दबाएं और मशीन को अपना काम करने दें। अतरिक्त धागा काट ले  काट लें। सटाटर दबाएं। आप परोगरेस को सकरीन पर भी टरैक कर सकते हैं। बहुत सुविधाजनक है, है ना?





जब पहला चरण पूरा हो जायेगा तो मशीन ऑटोमेटिक से बंद हो जाएगी। अगले चरण के लिए, हूप को अनलॉक करें और इसे मशीन से बाहर निकालें। जैसा कि आप देख सकते हैं डिजाइन अद्भुत लग रहा है। लेकिन यह अभी तक पूरा नहीं हुआ है। अब हमें टैक सिटच हटाने होंगे, टांके में छोटे कट लगाएं जैसे टयूटोरियल में दिखाया गया हैं और उनहें बाहर खींच दें।





ये करने के बाद, हम एमबरॉयडरी के चारों ओर अतिरिक्त साटन रेशम और वैडिंग को काट देंगे। सावधानी से काटें, कहीं अपने डिजाइन को न काट लें। अचछे से काटने के लिए लिए एमबरॉयडरी कैंची का उपयोग करें। यह थोड़ा मुशिकल हो सकता है और आपको इसे सिथर हाथों से काटना होगा।



काटने के बाद, एमबरॉयडरी के ऊपर एक गलास नायलॉन या ऑर्गेंजा फैबिरक रखें और मैगनेटिक कलैंप से इसे फिकस कर दें। हमें चरण एक को फिर से इस कपड़े पर दोहराना होगा। फिर से हूप को परेससेर फ़ुट के नीचे रखें और इसे लॉक कर दें, फिर से टच सकरीन पर रंग 1 चुनें और सटाटर दबाएं। एमबरॉयडरी शुरू करने से पहले किसी भी अतिरिक्त धागे को काटना न भूलें।





फलावर एमबरॉयडरी पूरी हो जाने के बाद, मशीन अपने आप बंद हो जाएगी। यही निशानी है कि चरण 2 से पहले आपको धागे का रंग बदलना है। सटाटर दबाएं और मशीन को अपना काम करने दें।







चरण 3 के लिए हम धागे के रंग को हम हरे रंग में बदल लेंगे और मशीन को बाहरी बॉर्डर पर पर काम करने देंगे।

सभी चरणों के पूरा होने के बाद, टचस्क्रीन पर 'हूप रिमूविंग' बटन दबाएं, एम्ब्रॉयडरी हूप लॉक को अनलॉक करें और इसे प्रेसर फुट के नीचे से बाहर निकालें।

क्या यह अद्भुत नहीं है? आखिर मे मैगनेटिक क्लैंप और इनर फ्रेम को निकल दे

क्या हमने यह नहीं कहा था कि सुंदर पैटर्न बनाना बहुत आसान है? हमने बिलकुल सही कहा था। ऊषा मेमोरी क्राफ्ट रेंज एम्ब्रायडरी को सरल और मजेदार बनाता है! अब आप आसानी से ऐसे कई ब्लॉक्स सिल के बेड कवर बना सकते हैं, रजाई कवर बना सकते हैं और अपने घर का लुक बदल सकते हैं।